St. LAWRENCE HIGH SCHOOL

A JESUIT CHRISTIAN MINORITY INSTITUTION
27, BALLYGUNGE CIRCULAR ROAD
KOLKATA – 700 019

FOR GOD AND COUNTRY

Hindi Grammar : (2nd Term) **(Answer Worksheet –19)** **Date: 16.11.2020**
Topic: अपठित गदयांश **Class -3**

बाघ भारत का राष्ट्रीय पशु है | यह जंगलों में पाया जाता है | इसकी देह पतली और हटकी होती है , इसपर गहरी कत्थई रंग की धारियाँ बहुत सुन्दर लगती है | इसका मुँह छोटा होता है और गर्दन पर अयाल नहीं होते हैं | इसकी दहाड़ शेर के समान दिल दहलाने वाली होती है | यह हमेशा टेढ़ी चाल चलता है और कभी भी अपने शिकार पर सामने से आक्रमण नहीं करता | यह छिपकर आक्रमण करता है | यह चालाक और धूर्त पशु है | इसकी छलांग शेर से लम्बी होती है और दौड़ने की गति भी अधिक तेज़ होती है | यह अपनी स्फूर्ति के लिए प्रसिद्द है | यह जंगल से गाँव में जाकर भेड़, भैंस आदि को भी उठाकर ले जाता है | बाघ स्फूर्ति , चतुराई , साहस और तीव्रता का प्रतीक माना जाता है |

अनुच्छेद पढ़कर प्रश्नो के उत्तर दो :-

1 हमारा राष्ट्रीय पशु कौन है और कहाँ पाया जाता है ?

उ- हमारा राष्ट्रीय पशु बाघ है | यह जंगलों में पाया जाता है |

2 बाघ की दहाड़ कैसी होती है ?

उ- बाघ की दहाड़ शेर के समान दिल दहलाने वाली होती है |

3 इसकी देह कैसी होती है ?

उ- इसकी देह पतली और हलकी होती है | इसपर गहरी कत्थई रंग की धारियाँ बहुत सुन्दर लगती है |

4 बाघ अपना शिकार कैसे करता है ?

उ- बाघ कभी भी अपने शिकार पर सामने से आक्रमण नहीं करता | यह छिपकर आक्रमण करता है |

5 इसकी छलांग और गति कैसी होती है ?

उ- इसकी छलांग शेर से भी लंबी होती है और दौड़ने की गति भी बहुत तेज़ होती है |

6 बाघ जंगल से गाँव क्यों जाता है ?

उ- बाघ कभी - कभी जंगल से गाँव जाता है और भेड़ , भैंस आदि जानवर को उठाकर ले जाता है |

7 बाघ किसका प्रतीक माना जाता है ?

उ- बाघ स्फूर्ति, चतुराई , साहस और तीव्रता का प्रतीक माना जाता है |

8 'आक्रमण ' शब्द का क्या अर्थ है ?

आक्रमण शब्द का अर्थ है - **हमला** |

खाली जगह भरो :-

9 बाघ अपनी **स्फूर्ति** के लिए प्रसिद्द है |

10 अनुच्छेद का शीर्षक बताओ |

उ- अनुच्छेद का शीर्षक है - बाघ - हमारा राष्ट्रीय पशु है |

सही और गलत लिखो :-

11 बाघ का मुँह बड़ा होता है | **गलत**

12 इसकी गर्दन पर अयाल नहीं होता है | **सही**

13 'तेज़' शब्द का विलोम लिखो |

उ- तेज़ शब्द का विलोम है - **धीमा**

14 विशेषण छांटकर लिखो :-

कत्थई

15 वाक्य बनाओ :-

राष्ट्रीय = कमल हमारा **राष्ट्रीय** फूल है |

Poonam Mehra